पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल की अध्यक्षता में जनपद हमीरपुर में संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

———————

मॉडल ग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत सभी गांवों के पात्र व्यक्तियों को संबंधित योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश

———————

राज्यपाल ने कॉफी टेबल बुक 'संकल्प' का किया विमोचन

लखनऊ 03 अगस्त 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज जनपद हमीरपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला प्रशासन द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों का भी प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें जनपद हमीरपुर की स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर आयोजित किए गए कल्प हमीर महोत्सव, हमीरपुर के इतिहास एवं संस्कृति, वन विभाग के सघन वृक्षारोपण अभियान, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, एनआरएलएम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जनपद में की गई पुष्टाहार निर्माण इकाई की स्थापना, अमृत सरोवर की स्थापना एवं जल संरक्षण से संबंधित जनपद की उपलब्धियों के बारे में डॉक्यूमेंट्री वीडियो के माध्यम से बताया गया।

राज्यपाल जी ने मॉडल ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी गांव को ऐसे मॉडल के रूप में विकसित किया जाए जहां प्रत्येक पात्र परिवार सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित हो। मॉडल गांव में कोई भी पात्र व्यक्ति आयुष्मान योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड से वंचित ना रहे, गांव में शत

प्रतिशत बच्चों का स्कूलों में नामांकन हो, आंगनवाड़ी केंद्र दुरुस्त हो तथा वहां नियमित रूप से बच्चे आ रहे हों यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने केंद्र और राज्य वित्त आयोग द्वारा ग्राम पंचायतों को प्रदत्त धनराशि के बारे में समीक्षा की तथा कहा कि इस धनराशि का सदुपयोग आंगनवाड़ी केंद्रों को सुसज्जित करने व स्कूलों के सुदृढ़ीकरण करने में किया जाए। आंगनवाड़ी के रिक्त पदों पर भर्ती की जाए। उक्त बैठक में राज्यपाल जी द्वारा कहा गया कि अभियान के तहत लक्ष्य बनाकर आयुष्मान भारत योजना के पात्रों को गोल्डन कार्ड देकर इस योजना में शत–प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों को मिलने वाली धनराशि का पुष्टाहार, फल, सब्जी आदि के उपभोग हेतु उपयोग किया जाए तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर ससमय व नियमित रूप से अस्पताल पहुंचे व मरीजों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं अस्पताल में ही देने का कार्य किया जाए।

जनपद में ओवरलोड वाहनों पर निगरानी हेतु लगाए गए संयंत्र पर राज्यपाल जी ने जिला प्रशासन के कायों की सराहना करते हुए कहा कि डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड को इसी प्रकार के अन्य कार्यों हेतु प्रोत्साहित किया जाए। टी0बी0 मुक्त भारत अभियान की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि देश से वर्ष 2025 तक प्रत्येक दशा में टी0बी0 का उन्मूलन किया जाना है इसके दृष्टिगत इस दिशा में प्रभावी कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए। इस मौके पर उन्होंने टी0बी0 निगरानी तंत्र आईवीआरएस कॉलिंग एवं टी0बी0 पोर्टल लांच किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने जनपद हमीरपुर के पर्यटन एवं संस्कृति, इतिहास से संबंधित विभिन्न स्थलों के संपूर्ण विवरण एवं उनके महत्व से संबंधित कॉफी टेबल बुक 'संकल्प' का विमोचन किया।

बैठक में जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, सी0डी0ओ0 श्री चंद्रशेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री रमेश चंद्र, डीएफओ श्री उमेश चंद्र राय तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी/कृष्ण कुमार,
राजभवन, सम्पर्क सूत्र–9453005360